>

Title : Need to provide drinking water in Sheikhpura district of Bihar.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): बिहार राज्य के शेखपुरा जिलान्तर्गत, शेखपुरारा प्रखंड में कारे पंचायत के कारे, वाजीतपुर, सुहासपुर, पतोखर, करिहौ, लक्षणा की दस हजार की आबादी जो महादलित, दलित, अति पिछड़े वर्ग, कमजोर वर्ग की है, पेयजल के स्त्रोत नहीं रहने के कारण असहाय, उपेक्षित महसूस कर रही है। ये गांव पहाड़ी की तलहटी में बसे हुए हैं। इसकी कुछ दूरी में मिट्टी के नीचे पानी का स्त्रोत है। यहां रिंग मशीन लगाकर बोरिंग कर पाइप के द्वारा इस आबादी को पेयजल मुहैया कराया जा सकता है। वर्षों की उपेक्षा झेलती देश की इस आबादी को जीने का साधन उपलब्ध कराया जा सकता है।

मैं भारत सरकार के माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणा संगठन का इस ओर ध्यान आकृष्ट करता हूं।